विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2024

स्रोत: पीआईबी

10 अक्तूबर, को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (WMHD) **2024 मनाया गया**, जिसमे हाल ही में कार्यस्थल पर हुई आत्महत्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया, जो **मानसिक स्वास्थ्य पर रोज़गार से संबंधित तनाव के महत्त्वपूर्ण प्रभाव को उजागर करती हैं,** यहाँ तक कि उन लोगों में भी जो बाहरी रूप से सफल दिखाई देते हैं।

- **WMHD 2024 की थीम है- कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य।**
- **पृष्ठभूमि:** WMHD की शुरुआत सबसे पहले **वर्ष 1992 में विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ (WFMH)** द्वारा की गई थी।
  - **WHO द्वारा आयोजित WMHD** का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना, तथा व्यक्तियों और समुदायों के लिये मानसिक कल्याण के महत्त्व पर ज़ोर देना है।
  - मानसिक बीमारी के उदाहरणों में **अवसाद, चिंता विकार, सिज़ोफ्रेनिया,** भोजन संबंधी विकार और व्यसनकारी व्यवहार शामिल हैं।
- **सांख्यिकी:** आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की संख्या बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया है।
  - **राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NMHS) 2015-16** के अनुसार, भारत में 10.6% वयस्क लोग मानसिक विकार यानी मेंटल डिसऑर्डर के शिकार हैं। जबकि मानसिक स्वास्थ्य विकार और अन्य विभिन्न विकारों के बीच उपचार में 70% तथा 92% का अंतराल है।
- **सरकारी पहल:**
  - ज़िला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (DMHP)
  - नेशन टेली मेंटल हेल्थ प्रोग्राम (NTMHP)
- **मानसिक स्वास्थ्य पर नीतिगत सिफारिशें:**
  - मनोचिकित्सकों की संख्या को **0.75 मनोचिकित्सकों** से बढ़ाकर विश्व **स्वास्थ्य संगठन के नियम के** अनुसार **प्रति लाख जनसंख्या के लिये 3 मनोचिकित्सक** तक पहुँचाने के प्रयासों में वृद्धि।
  - विकारों की शीघ्र पहचान के लिये स्कूल जाने से पहले यानी आंगनवाड़ी स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना।

और पढ़ें: भारत में मानसिक स्वास्थ्य पहल

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-mental-health-day-2024